हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 24 जून 2025

11 भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष थे डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी : प्रवीण



11 नशा न केवल एक व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक पतन करता है, बल्कि...



## खबर संक्षेप

### राजस्व अधिकारी ने सुनीं शिकायतें

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला राजस्व अधिकारी संजय चौधरी ने आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 25 शिकायतें आई।
जिला राजस्व अधिकारी संजय चौधरी ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। प्राथमिकता के आधार पर समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है।

### बैडमिंटन ट्रायल का आयोजन 28-29 को

**सिरसा।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा 28 और 29 जून को सिरसा स्कूल में अंडर-11, 13 और 15 (एकल और युगल) लडक़े और लड़कियों के लिए राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए जिला स्तरीय ट्रायल आयोजित किया जा रहे हैं। सीनियर कोच दीपेश ठक्कर ने बताया कि ट्रायल में प्रवेश की अंतिम तिथि 27 जून है।

### फुटपाथ पर मिला घायल युवक, सिर-मुंह पर चोटें

**सिरसा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर गांव पन्नीवाला मोटा व ओढ़ा के बीच एक फुटपाथ के पास एक घायल व्यक्ति मिला। व्यक्ति की हालत गंभीर है। शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे चंडीगढ़ भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि बुढ़ाभाणा गांव के 35 वर्षीय मिल्खीराज मोटरसाइकिल से सिरसा जा रहे थे। इसी दौरान वह फुटपाथ के पास गिर गए। हादसे का कारण अभी तक सामने नहीं आया है।

### फतेहाबाद में जजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**फतेहाबाद।** जाट धर्मशाला स्थित पार्टी कार्यालय में जेजेपी द्वारा सदस्यता अभियन शुरू किया गया। पार्टी नेताओं ने सोमवार को अनेक लोगों को जजपा की सदस्यता दिलवाई। इस दौरान मुख्य रुप से जजपा के राष्ट्रीय सचिव कुलजीत कुलडिय़ा, जिला अध्यक्ष रविंद्र बेनीवाल, हलका अध्यक्ष सुभाष गोरछिया, रतिया के हलका प्रधान अजय संधू, टोहाना हलका प्रधान कुलदीप सिहाग, जिला प्रवक्ता कुलदीप सिगड़, यश तनेजा आदि मौजूद रहे।

### गांव खासा पठाना में रात्रि प्रवास कार्यक्रम कल

**फतेहाबाद।** लोगों से संवाद स्थापित करने की कड़ी में बुधवार 25 जून को सायं 5 बजे राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांव खासा पठाना में उपायुक्त मनदीप कौर और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन नागरिकों की शिकायतें सुनेंगे। नगराधीश गौरव गुप्ता ने बताया कि इस पहल के माध्यम से जिला प्रशासन का उद्देश्य गांवों में अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

### बिना वजह चालान से जनता परेशानः शर्मा

**सिरसा।** पुलिस द्वारा चौक-चौराहों पर अंधाधुंध तरीके से चालान काटे जा रहे हैं, जिससे आमजन विशेषकर गरीब तबका बेहद परेशान है। बिना किसी पूर्व चेतावनी और जागरूकता अभियान के सीधे चालान थमा देना अब लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। भारी-भरकम चालान से लोगों की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के नाम पर गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों को परेशान किया जा रहा है।

### जिले में मनचलों को सिखाया सबक

# पुलिस ने जब्त की पटाखा बुलेट और ड्रंक ड्राइवर्स की गाड़ियां

**नशे में गाड़ी चलाने वालों के 55, ट्रिपल राइडिंग के 203, ब्लैक फिल्म लगी 30 गाड़ियों के चालकों पर कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। ट्रिपल राइडिंग पर वाहन चालकों पर कार्रवाई करती पुलिस टीम। फोटो: हरिभूमि

जिले में मनचलों, हुड़दंगबाजों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निरंतर सख्त अभियान चलाया जा रहा है। आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और सडक़ पर अनुशासन सुनिश्चित करना फतेहाबाद पुलिस की प्राथमिकता है। अभियान के दौरान बुलेट मोटरसाइकिलों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे जैसी आवाज करने वाले युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। कई मामलों में मोटरसाइकिलें इम्पाउंड की गई तथा मॉडिफाइड साइलेंसर मौके पर ही हटवाए गए। ऐसे युवाओं को कानूनी कार्रवाई के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का पाठ भी पढ़ाया गया। ड्रंक ड्राइव के मामलों को बेहद गंभीरता से लेते हुए संबंधित चालकों के खिलाफ सीधी कार्रवाई की गई। कई वाहन चालक मौके पर ही पकड़े गए और उनके खिलाफ नियमों के तहत सख्त कानूनी प्रावधान लागू किए गए। पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और स्कूल-कॉलेज के आस-पास आवारा घूमने वाले युवकों और मनचलों की पहचान कर उन्हें सख्त चेतावनी दी। कई मामलों में परिवार को सूचित कर सामाजिक रूप से शर्मिंदा भी किया गया, ताकि दोबारा ऐसी हरकतें न दोहराई जाएं। डीएसपी ट्रैफिक कुलवंत सिंह के नेतृत्व में विशेष टीमें बनाकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखी जा रही है। जहां आवश्यक हुआ, वहां नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया गया, लेकिन प्राथमिकता सार्वजनिक जागरूकता और अनुशासन की स्थापना रही।

#### इस माह में अब तक की गई कार्रवाई

इस महीने अब तक जिला पुलिस द्वारा बुलेट पटाखा बजाने वालों के 25, नशे में गाड़ी चलाने वालों के 55, ट्रिपल राइडिंग के 203, बिना नंबर प्लेट वाहन के 48 तथा ब्लैक फिल्म लगी 30 गाडियों पर कार्रवाई की है। एसपी सिद्धांत जैन ने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य केवल जुर्माना लगाना नहीं, बल्कि आमजन की जान-माल की सुरक्षा और सडक़ अनुशासन की स्थापना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सडक़ पर अनुशासित व्यवहार अपनाएं, नशा करके वाहन न चलाएं और समाज में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं।

# मांगों को लेकर कर्मियों का धरना जारी

- कर्मचारियों ने कहा-काम से हटाए जाने से हमारा जीना हुआ दुभर

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली



सिरसा। एसडीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

नगरपालिका डबवाली के अधीन काम से हटाए गए कर्मचारियों एवं डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाले गाड़ी चालक उपमंडलाधिकारी के मेन गेट पर एक पखवाड़े से धरना लगाए बैठे हुए हैं। सोमवार को भी एसडीएम के साथ मिलने के इंतजार में बैठे रहे की पूर्व में दिये गये मांगपत्र पर कोई कार्रवाई हुई या नहीं, लेकिन अधिकारी कोई जानकारी नहीं देने आए। कर्मचारियों ने कहा कि काम से हटाए जाने से हमारा जीना दुभर हो गया है। सभी कर्मचारी एसडीएम से अनुरोध करते हैं कि हमारी समस्या का जल्द समाधान किया जाए। कर्मचारी संगठनों, एटक, सीटू, किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने शुरू से ही इस धरने को अपना समर्थन दिया हुआ है। एटक की तरफ से दारा सिंह, प्रधान अमित कुमार, राजिन्द्र कुमार, सचिव बनारसी दास, सह सचिव रघुबीर चन्द, मोनिका, अलका, सुनीता रानी, मनप्रीत, अजय, राहुल कुमार, अनूप कुमार, बिल्लू कुमार, अंग्रेज, जसविंदर, जगदीप, दीपक कुमार, अन्य कई साथी धरने पर बैठे रहे।

## तीन लाख रुपये की हेरोइन पकड़ी, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने दो तस्करों को करीब तीन लाख रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी प्रेम कुमार ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम हिसार रोड पर गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बाइक सवार दो लोग हेराइन बेचने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहनों की तलाशी ली तो बाइक सवार लोगों से करीब तीन लाख रुपये की हेरोइन बरामद हुई।

### अवैध पिस्तौल सहित काबू

पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान जिला के गांव फग्गू क्षेत्र से एक व्यक्ति को अवैध पस्तिौल व तीन जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जसवंद्र सिंह निवासी सिरसा के रूप में हुई।

### ठगी के दो आरोपी दबोचे

साइबर थाना सिरसा पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संदीप सिंह निवासी फाजिल्का पंजाब व मलकीत सिंह निवासी जिला फिरोजपुर पंजाब को गिरफ्तार के रूपें हुई।

## राजकीय आईटीआई नाथूसरी चौपटा में दाखिला प्रक्रिया जारी

**चोपटा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाथूसरी चौपटा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिला प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। संस्थान के दाखिला नोडल अधिकारी मनमोहन सिंह ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और संस्थान में दाखिले के लिए 16 ट्रेडों में 460 सीटें उपलब्ध है। संस्थान के प्रधानाचार्य बुधराम कंबोज ने बताया कि सभी आवेदन ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जा रहे हैं और प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी और आसान बनाया गया है। उन्होंने दसवीं और आठवीं पास युवाओं से अपील की है कि वे अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इन तकनीकी ट्रेडों में दाखिला लेकर कौशल विकास करें। उन्होंने कहा कि आईटीआई के कोर्स रोजगारोन्मुखी होते हैं और ये युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

*नपा की चेतावनी : जल्द करें भुगतान, वरना होगी कार्रवाई*

# टैक्स व किराया नहीं चुकाया तो दुकानें की जाएंगी सील

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना




नगर पालिका भूना ने प्रॉपर्टी टैक्स बकाया रखने वालों और किराया न देने वाले दुकानदारों को दो दिन का अंतिम मौका दिया है। इसके बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लिया गया है। जानकारी नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने दी। सचिव ने बताया कि जिन लोगों ने अब तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया है, उनकी संपत्तियां अटैच की जाएंगी। बार-बार नोटिस देने के बावजूद टैक्स नहीं चुकाने वालों पर अब कानूनन कार्रवाई होगी। इससे पालिका की आय में सुधार होगा। पालिका की 39 दुकानों के किरायेदारों पर भी महीनों से किराया न चुकाने का आरोप है। सचिव के अनुसार, यदि 48 घंटे में किराया नहीं जमा हुआ तो दुकानें सील कर दी जाएंगी। इससे पालिका को हो रहे आर्थिक नुकसान को रोका जाएगा। पालिका ने बकाया वसूली के लिए विशेष टीम बनाई है। टीम को निर्देश दिए गए हैं कि किसी को भी ढील न दी जाए। तय समय में कार्रवाई पूरी की जाए। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर टैक्स और किराया जमा करें। इससे शहर की सुविधाएं बेहतर ढंग से चल सकेंगी।

# साइफन की मांग, सैकड़ों किसानों ने किया रोड जाम

- अधिकारी पहुंचे मौके पर, किसानों ने दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭रानियां




सिरसा। ओटू हेड पर रोड जाम करते किसान।

ओटू हेड पर शेरावाली माइनर व एसजीसी के अंतर्गत आने वाले 60 गांव के किसानों ने सोमवार को धरना प्रदर्शन कर रोड जाम कर दिया। सैकड़ों किसानों ने सड़क पर करीब 3 घंटे तक धरना लगाया और रोड जाम भी किया। प्रदर्शन व रोड जाम की सूचना पाकर रानियां पुलिस तथा सिंचाई विभाग से अधिकारी मौके पर पहुंचे। हरियाणा किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश ममेरा ने कहा कि हिसार घग्गर ड्रैन पर बन रहे साईफन का निर्माण कार्य बीते 3 सालों से जारी है जिस कारण एसजीसी व शेरावाली माइनर मे 3 सालों से पानी नहीं जा रहा। किसानों की नरमा, कपास, ग्वार व बाजरा की फसलों की बिजाई का समय निकल गया और अब मात्र धान की फसल का समय रहता है वो भी निकल जाएगा। पानी के बिना किसानों के खेत विरान पड़े हैं और वे खरीफ की फसलों की बिजाई ना होने से और ज्यादा कर्जदार हो जाएगें। उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने सरकार से साढ़े 7 करोड़ रुपए का ठेका लेकर पिछले 3 सालों से सरकार व किसानों को गुमराह कर रहा है तथा घटिया सामग्री लगाकर लगाकर लीपापोती से काम चला रहा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को अब आखिरी दस दिनों का समय दिया है अगर इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों व ठेकेदार ने सायफन निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा नहीं किया तो वे बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन तथा रोड़ जाम करने को मजबूर होंगे।

#### सरकार ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया

किसानों का कहना है कि अगर विभाग तथा सरकार ने उनकी इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया तो वह आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे तथा पूरा रोड जाम कर अपना अपनी हक का पानी लेने को मजबूर होंगे इस अवसर इस अवसर पर रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने किसानों को समझ कर जाम को खुलवाया तो वहीं सिंचाई विभाग से एक्सईएन संदीप शर्मा ने कहा कि सायफन निर्माण के लिए पाइपों को मंगवाई गई है। आगामी 10 दिनों में आपका निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा इसलिए 10 दिनों तक आप शांति बनाए रखें।



रतिया। सडक़ निर्माण को लेकर रोष जताते गांव मढ़ के ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

# खेत में पाइप लाइन डालने को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

खेत में पाइप लाइन डालने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जमकर लाठियां बरसाई। इस हमले में पिता-पुत्र घायल हो गए, जिन्हें रतिया के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस मामले में सदर रतिया पुलिस ने 7 लोगों के अलावा हरियाणा पुलिस के दो कर्मचारियों सहित 20-22 अन्य लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ब्राह्मणवाला प्लाट निवासी हरकृष्ण सिंह ने बताया कि उसने गांव मिराना ढाणी के खेत में से कोर्ट की मंजूरी लेकर पाइप लाइन करीब 10 दिन पहले डाली थी। 22 जून को गांव मिराना ढाणी निवासी अमरीक सिंह, बलदेव सिंह, काला सिंह, दविंद्र सिंह, गुरविंद्र सिंह व सुखविंद्र सिंह, कुलदीप सिंह तीन गाडिय़ों और ट्रैक्टर-ट्रॉली में जेसीबी लेकर आए। इनके साथ 20-22 अन्य लोग भी थे, जिन पास लाठियां व बंदूक भी थी। इन लोगों ने आते ही उनकी पाइप लाइन तोडऩी शुरू कर दी। हरकृष्ण सिंह ने बताया कि वह, उसके बेटे रिशपाल सिंह, सुखपाल सिंह, राजपाल सिंह ने इनको पाइप लाइन तोडऩे से रोका तो उक्त लोगों ने उन पर हमला कर दिया और जान से मारने की भी धमकी दी।

## हिसार घग्गर ड्रेन पर बन रहे साइफन की देरी से किसान हो रहे प्रभावित

**सिरसा।** भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंदर सिंह ने कहा कि किसानों के कई सालों के संघर्ष के बाद पिछले साल हिसार घग्गर ड्रेन के फ्लडी पानी की निकासी के लिए साईफन का निर्माण किया गया था। रिश्वतखोर, कमीशनखोर व भ्रष्ट नहरी विभाग के अधिकारियों की वजह से कुछ ही दिनों में साइफन की पाइप टूट गई थी, जिसकी आज तक भी मरम्मत नहीं की गई है। औलख ने कहा कि आज इस मुद्दे पर नहरी विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार से बातचीत हुई तो इस पर ठेकेदार ने कहा कि एक सप्ताह में काम पूरा हो जाएगा, एक्सईएन से बात हुई तो उसने भी एक सप्ताह में काम पूरा हो जाने की बात कही, लेकिन पिछले कई महीनों से बार-बार समय मांग रहे हैं। काम पूरा नहीं कर रहे हैं। अगर कहीं मुख्यमंत्री का दौरा हो तो संबंधित विभाग वाले दिन रात एक करके काम पूरा करते हैं, लेकिन पिछले 6 महीनों से इन नहरों पर लगभग 50 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी न मिलने की वजह से ग्वार व नरमे की बिजाई नहीं हो पाई है।

# गांव मढ के लोगों ने रोड न बनने को लेकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

- विभाग व प्रशासन के खिलाफ जताया रोष

रतिया के गांव मढ के लोगों ने गांव मढ से कलरखेड़ा बस्ती तक रोड की खस्ता हालत को लेकर विभाग व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। गांव मढ के रहने वाले मांगे राम ने बताया कि यह रोड 2002 में बना था। आज रोड को बने 23 साल हो चुके हैं लेकिन सरकार व प्रशासन का इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में इस रोड में पानी जमा हो जाता है और यह रोड लोगों की परेशानी का कारण बन जाता है। इससे गांव के लोगों को आने-जाने में बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों बताया कि इस रोड की इतनी खस्ता हालत है कि यहां पर पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वह पहले भी सरकार से कई बार रोड बनाने को लेकर गुहार लगा चुके हैं लेकिन सरकार व प्रशासन इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे। रोष जता रहे ग्रामीणों ने कहा कि वह सरकार से मांग करते हैं कि जल्दी से जल्दी गांव मढ से कलरखेड़ा बस्ती तक का रोड बनाया जाए ताकि ग्रामीणों को आने-जाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

## गांव धांगड में जनस्वास्थ्य विभाग की टीम की कार्रवाई

# जल संरक्षण अभियान को लेकर काटे 25 कनेक्शन

- टीम ने घर-घर जाकर विभाग की टीम ने जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव धांगड़ में अवैध पेयजल कनैक्शन काटती विभाग की टीम।

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान के तहत विभाग की टीम आज गांव धांगड़ पहुंची। टीम ने गांव में चैकिंग के दौरान पेयजल लाइन पर चल रहे 24 अवैध कनैक्शनों को काट दिया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहाकार शर्माचंद लाली ने बताया कि गांव धांगड के ग्रामीणों ने पीने की सप्लाई पर बहुत ज्यादा अवैध कनेक्शनों को कर रखे थे, जिसके कारण काफी घरों में पीने के पानी की दिक्कत आ रही है। इसको लेकर विभाग को लगातार शिकायतें मिली थी। इस पर आज गांव में चैकिंग कर उन सभी 25 कनेक्शनों को तुरंत प्रभाव से काटा गया है। इसके अलावा गांव धांगड़ में घर-घर जाकर विभाग की टीम ने जांच की और जहां कनैक्शन खुले पाए गए, उनको भी बंद करने के लिए नोटिस दिए गए हैं। गांव में जन जागरूकता अभियान के तहत अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वह पीने का पानी का सदुपयोग करें तथा अपने-अपने घरों के नलों पर टेप अवश्य लगवाएं ताकि पानी को व्यर्थ बहाने से रोका जा सके। खंड संयोजक मदन लाल ने बताया कि पीने के पानी पर जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जितने भी गाड़ी धोने के सर्विस स्टेशन लगे हुए हैं उनको स्वयं तुरंत प्रभाव से बंद कर दें ताकि जिले में पीने के पानी के संकट से बचा जा सके। इसके लिए विभाग टीम बनाकर चिह्नित करेगा और और उनके खिलाफ कार्रवाई करेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर खंड संयोजक मदन सैनी, राकेश कुमार, शमशेर सिंह, नीरज कुमार, रमेश कुमार, बिंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, पवन, अमित कुमार भी मौजूद रहे।



बहुत सी वर्किंग वूमेन को खुद से यह शिकायत रहती है कि पूरी मेहनत से काम करने के बाद भी उनको न अच्छा रिजल्ट मिलता है और न ही उनके पास टाइम बचता है। वास्तव में इसकी वजह वर्किंग स्टाइल का मिसमैनेजमेंट होता है। अगर कुछ बातों को अमल में लाएं तो आप स्मार्ट वर्किंग वूमेन बन सकती हैं।

# तब आप बन जाएंगी स्मार्ट वर्किंग वूमेन

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

रागिनी इस बात से परेशान रहती है कि उसे अपने बिजी रूटीन में पल भर भी चैन से गुजारने की फुर्सत नहीं मिल पाती। इसके बावजूद वह घरेलू कामों में अपनी मां की मदद भी नहीं कर पाती है। उधर वर्कप्लेस पर सुबह से शाम तक लगातार काम में जुटे रहने के बाद भी उसका कोई न कोई ऑफिसियल वर्क पेंडिंग रह ही जाता है। हमेशा काम में उलझी रहने की वजह से वह अपने पर्सनल जरूरी काम भी लगातार टालती रहती है। इस बारे में एक बार जब उसने अपनी मां से डिस्कशन किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'बेटी तू व्यस्त कम, अस्त-व्यस्त ज्यादा रहती है।' अपनी मां की बात सुनकर रागिनी गंभीरता से अपने वर्किंग स्टाइल पर सोचने लगी कि आखिर उससे मिस्टेक कहां होती है? रागिनी की तरह ही कई वर्किंग वूमेन के साथ ऐसा होता है कि वे हमेशा काम में बिजी रहती हैं। ना इन्हें खाने-पीने की सुध होती है, ना मनोरंजन के लिए वक्त मिलता है। इन्हें ठीक से नींद भी नहीं आती और फ्रेंड सर्कल के साथ भी टाइम नहीं बिता पाती हैं। इसके बावजूद इनकी मेहनत का मनचाहा या बहुत बढ़िया रिजल्ट भी नहीं मिलता है। बल्कि पेंडिंग या सही तरीके से न किए गए वर्क की वजह से अकसर बॉस से डांट पड़ती है। ऐसे लोगों को समझना चाहिए कि ओवर बिजी होने और स्मार्ट वर्किंग पर्सन होने में फर्क होता है। गैरजरूरी व्यस्तता से बचने और हर काम को स्मार्टली करने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

### हर पल है कीमती

स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनने के लिए अपने समय के हर पल का हिसाब रखना जरूरी है। आप अपना समय किन कामों में लगा रही हैं, आपको पता होना चाहिए। टाइम ट्रैकिंग ही बताएगी कि आप अपने टाइम को बर्बाद कर रही हैं या इसका सही यूज कर रही हैं। इसके लिए प्रियॉरिटी के आधार पर निश्चित समय पर जरूरी काम करने की आदत डालें। आलस्य और टालमटोल की आदत से दूर रहें। 'टाइम मैनेजमेंट' किताब में लिखा है कि आपको कर्मठता के साथ काम करने में समय का निवेश सही तरीके से करना चाहिए ताकि इसका बेहतर रिटर्न हासिल हो सके।

### अनावश्यक बातें ना करें

**हर काम** का एक वक्त होता है। जब आप किसी जरूरी ऑफिसियल प्रोजेक्ट पर काम कर रही हों तो उस दौरान कुलीग्स से बातचीत करने में समय नष्ट न करें। गॉसिप, हंसी-



मजाक आदि तभी करें, जब आपके पास स्पेयर टाइम हो। आप पब्लिक ट्रांसपोर्ट या पूल कार से ट्रैवलिंग के दौरान या फिर ऑफिस आवर्स खत्म होने के बाद ही पर्सनल बातें या गॉसिपिंग कर सकती हैं।



### एंज्वॉय करें वर्क

काम ऑफिस का हो या पर्सनल, जब आप बोझिल मन से उसे करती हैं तो एकाग्रता की कमी के कारण आपको उसे करने में ज्यादा समय लगता है। आधे-अधूरे मन से काम करने से गलती होने की आशंका रहती है। इसलिए गलती सुधारने के लिए एक ही काम को दो या तीन बार भी करना पड़ जाता है। वहीं अगर काम को एंज्वॉय करते हुए करेंगी तो काम ईजी लगेगा, सही होगा और कुछ जल्दी भी हो जाएगा। हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू सजेस्ट करता है कि इसके लिए काम के पुराने तरीकों में थोड़े-थोड़े बदलाव करती रहें। कोई काम चुनौतीपूर्ण लगे तो उसे कागज पर लिख लें, चुनौतियों को नोट कर लें और एक-एक कर उन्हें दूर करती चलें। इसमें आपको मजा आने लगेगा और कॉन्फिडेंस भी बढ़ता जाएगा।

### रिलैक्स करें माइंड

जहां तक संभव हो दिन की शुरुआत और अंत हल्का और रिलैक्स्ड करना चाहिए। बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अपने मन को सुकून देना बहुत जरूरी होता है। इस समय का इस्तेमाल काम करने के लिए नहीं बल्कि यह प्लान करने के लिए करें कि आपको अपना आज या कल का दिन किन कामों में इस्तेमाल करना है और कौन-सा काम कब करेंगे? इस दौरान आपको कई क्रिएटिव आइडियाज भी आएंगे, जो आपको प्रोडक्टिव बनाएंगे। अगर आप संगीत सुनना पसंद करती हैं तो रिलैक्स होने के लिए फेवरेट म्यूजिक या सॉन्ग सुन सकती हैं।

### मेंटल ट्रैप से बचें

अगर अपने ऑफिस वर्क के दौरान बिल्कुल समय ही नहीं बचता तो गौर करें कि उस दौरान कहीं आप यूजलेस वर्क करने, दूसरों को सपोर्ट देने में या गॉसिपिंग में तो टाइम वेस्ट नहीं करती हैं? 'ऑफ द क्लॉक' पुस्तक की लेखिका लॉरा वेंडरकैम इसे मेंटल ट्रैप कहती हैं। वह सलाह देती हैं, 'आपका समय ऐसी चीजों या काम में लगना चाहिए, जो आपको आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और पारिवारिक लाभ दे और आपको रचनात्मक रूप से संतुष्ट भी रखे।'

कहने का सार है कि स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनना बहुत टफ नहीं है। इसके लिए केवल आपको अपने वर्क को स्मार्टली मैनेज करना आना चाहिए। ❁

# संयम और समझदारी से करें अपमानजनक स्थितियों का सामना

घर-परिवार, रिश्तेदारी, आस-पड़ोस या कार्यस्थल पर कई बार कोई व्यक्ति हमें अपमानित कर देता है, मन को ठेस पहुंचाने वाले शब्द बोल देता है। ऐसे में तुरंत प्रतिक्रिया करने या जैसे को तैसा जवाब देने के बजाय संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। ऐसा आप कैसे कर सकती हैं, यहां बता रहे हैं।

सेल्फ मोटिवेशन

मोनिका शर्मा



अब पछताए होत का, जब चिड़िया चुग गई खेत। यह कहावत जानने भर की नहीं मानने-समझने योग्य भी है। विशेषकर ऐसी स्थिति में, जब आपके मान को ठेस पहुंची हो। किसी ने दिल दुखाया हो। जान-बूझकर कमतर आंकने का खेल खेला हो। दरअसल, अपमानित होने की स्थिति में इंसान कुछ भी कर गुजरता है। आपराधिक घटनाओं से लेकर अभद्र व्यवहार तक कर जाने के ऐसे मामले आए दिन सुर्खियां बनते हैं। अधिकतर घटनाओं में बात केवल शांत मन से ठहर कर सोचने भर की होती है। असल में मन को ठेस पहुंचने की स्थिति में सोचने-समझने की सुध-बुध ही खो जाती है। मन को दुखाते ऐसे अवसरों पर जरा ठहरने में ही समझदारी है।

**अपनी मनःस्थिति को समझिए:** अपमानजनक परिस्थितियों में सबसे पहले तो अपनी मनःस्थिति को समझना और संभालना जरूरी होता है। भावनात्मक रूप से उन शब्दों से मत जुड़िए, जो आपका मन दुखाने के इरादे से ही कहे गए हैं। इरादतन मन को चोट पहुंचाने के लिए किए गए व्यवहार को दिल से मत लगाइए। अपने मन-मस्तिष्क को यह समझाना जरूरी है कि कोई भी दुर्भाव भरी बात आपके पूरे व्यक्तित्व पर प्रश्न खड़ा नहीं कर सकती। आपकी वैचारिक समझ को सवालों के घेरे में नहीं ला सकती है। ऐसे में आपको लेकर की गई नकारात्मक टिप्पणी या असभ्य बात को एक शब्द या वाक्य भर मानें। यह स्वीकार्यता स्वयं अपनी मनःस्थिति को समझे बिना संभव नहीं। ध्यान रहे कि अपने मन को समझ कर ही ऐसी उलझन भरी स्थिति में अपने आप को ऐसी समझाइश दी जा सकती है। यह समझाइश ही तनाव और आहत मन से खुद को निकालने में मददगार हो सकती है।



**दूसरे पक्ष को भी समझिए:** कई बार आपको भला-बुरा या अपमानजनक शब्द कह डालने वाला इंसान खुद ही उलझाऊ मनोभावों से घिरा होता है। किसी ना किसी तरह की पीड़ा या परेशानी उसे भी घेरे होती है। ऐसे लोग बाद में पछताते हैं। अपने बर्ताव के लिए बाद में माफी भी मांगते हैं पर अपमानित किए जाने की पीड़ा व्यक्ति के मन में घर बना चुकी होती है। इसके चलते सामने वाले इंसान को समझे बिना उसे और बड़ी चोट पहुंचाने का रास्ता चुन लिया जाता है। लाजिमी भी है क्योंकि कभी-कभी दूसरे लोगों का बर्ताव और शब्द इंसान के मन में बहुत परेशान करने वाली भावनाएं पैदा कर देते हैं। ऐसे में यह सोच पाना संभव नहीं कि अगले इंसान का दिलो-दिमाग भी दुख-तकलीफ या किसी तरह के असहनीय तनाव के हालात का शिकार हो सकता है। इसीलिए दूसरे इंसान के पक्ष को जानना-समझना भी आवश्यक है। ऐसे में अगर आप स्वयं को समझा पाने में असफल महसूस करें तो किसी आत्मीय मित्र से सारी बात साझा करें। वह आपके मनोव्यक्तित्व को जानकर स्थितियों को समझने में आपकी मदद करेगा। इससे आपको अपने भीतर के द्वंद्व से बाहर निकलने में मदद मिलेगी।

**ठहराव को चुनिए:** यह सच है कि अपमानजनक स्थिति का सामना करते समय खुद को संयत रखना मुश्किल होता है। मन में आक्रोश उमड़ने लगता है पर स्थिति को बहुत बिगड़ने से रोकने के लिए, थोड़ा ठहर जाना चाहिए। कभी-कभी ऐसी स्थिति में बहस या जवाब-तलब करने के बजाय चुप रह जाना ही अच्छा होता है। संभव हो तो ऐसी स्थिति को हंसकर टालने की राह ही चुनें। इस बर्ताव से होने वाले नुकसान को समझें। पल भर के आक्रोश के खामियाजे समझने का भाव ठहराव की ओर ले जाता है। जिंदगी में शांति और सुकून के लिए यह जरूरी है। ❁



अब वो जमाने लद गए, जब बहू के आते ही घर में क्लेश शुरू हो जाता था। आज की बहू पारंपरिक सोच से उबरकर नई सोच और ऊर्जा लेकर नए घर में आती है, जिसमें हर रिश्ते के लिए होता है भरपूर प्रेम, स्नेह और सम्मान।

# नई सोच-ऊर्जा लेकर आती है आज की बहू

रिश्ते

यशोधरा भटनागर

पार्क में शीला जी को देख एकाएक मैं चौंक गई। नए फैशन का सलवार-सूट और पैरों में महंगे स्कैचर्स। उन्हें देखकर अच्छा भी लगा और थोड़ी कुढ़न भी हुई। 'क्या बात है बहुत खुश और बदली-बदली लग रही हो?' मेरे पूछने पर वे मुस्कुराईं और धीरे से बोलीं, 'नई बहू जो आ गई है।'

'अच्छा तो यह बात है। घर-बार उस बेचारी को सौंप तुम मजे कर रही हो।' आखिरकार मैंने अपने मन की बात को बाहर निकाल ही दिया। इस पर वह तुरंत बोल पड़ीं, 'नहीं! नहीं! प्रिया ने मुझे सिखाया कि मेरी अपनी भी जिंदगी है। सबके लिए अपना ख्याल रखना भी जरूरी है। मुझे लैपटॉप, मोबाइल फोन और बहुत कुछ उसने सिखा दिया है। बहू नहीं मेरी सहेली है। चलती हूं, प्रिया ऑफिस से लौटने वाली होगी। आज हमारा शॉपिंग के लिए जाने का प्लान है।' घड़ी की ओर देखती शीला जी अपने घर की ओर चल दीं। मैं उन्हें जाते देखते सोचती रह गई।

इसमें कोई दो राय नहीं कि जब किसी की बेटी घर में बहू बनकर जाती है, तो वह एक साथ कई भूमिकाएं लेकर आती है। बहू केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि वह पूरे घर को प्रेम, ऊर्जा और उम्मीद से भर देती है।

### ससुर को देती है पिता जैसा स्नेह

केवल सास ही नहीं, ससुर की देखभाल में भी आज की बहुएं कोई



कसर नहीं छोड़ती हैं। उन्हें टाइम पर दवाइयां देना, उन्हें डॉक्टर के पास ले जाना, पार्क में टहलने ले जाना, उनके संग डिस्कशन करना, उनकी मनपसंद डिशेज बनाकर खिलाना, उनके बैंक के काम ऑनलाइन करवाने में मदद करना जैसे कई काम वे खूब उत्साह से करती हैं। ससुर को लगता है जैसे बहु के रूप में उन्हें एक और बेटी मिल गई है।

**समझती-निभाती है अपनी जिम्मेदारियां:** समय के साथ हर रिश्ते में स्त्रियों ने अपनी भूमिका को समझा है और उससे जुड़ी जिम्मेदारियों को निभाती भी हैं। आज के दौर में बहू के रूप में आने वाली बेटियां, उच्च शिक्षा प्राप्त होती हैं, आत्मनिर्भर होती हैं और तकनीकी रूप से सक्षम भी होती हैं। वे जानती हैं कि उन्हें सिर्फ रोटियां ही नहीं बेलनी, रिश्तों को भी संजोना है, संवारना है। वे घर की चहारदीवारी में सीमित नहीं रहती हैं, बल्कि घर से बाहर की जिम्मेदारियां भी उतनी ही सजगता से निभा रही हैं।

**सास की बन जाती है सखी:** आज की बहू सास के खिलाफ साजिश या उनसे बहस नहीं बल्कि दोस्ती करती है। वह सास को व्हाट्सएप ऑपरेट करना सिखाती है, फेसबुक पर अकाउंट बनवाती है, उन्हें टेक्नोस्मार्ट बनाती है।

**हर परिस्थिति में रहती है सहज:** नए दौर की बहू बहुत समझदारी से हर कंडीशन को हैंडल करना जानती है। समस्या की घड़ी हो या कोई आकस्मिक परिस्थिति, वह घबराती नहीं है। धैर्य के साथ सहज होकर वह उचित निर्णय लेती है। घर के हर फैसले में अपनी भागीदारी निभाती है, और जरूरत पड़ने पर पूरे परिवार को संभालती है।

**यही होती है उसकी अपेक्षा:** अगर हम बहू को सम्मान, स्वतंत्रता और स्नेह देंगे, तो वह और भी तन्मयता से घर को संजोने में खुद को अर्पित कर देगी। वह बस इतना चाहती है कि उसे समझा जाए, सराहा जाए और स्वीकार किया जाए। ❁

फैशन ट्रेंड

ललिता गोयल

# तब आप दिखेंगी स्टाइलिश-अट्रैक्टिव

जब मौसम बदलता है तो न केवल ड्रेसअप, फैशन ट्रेंड भी बदल जाता है। हालांकि कई जगहों पर बारिश शुरू हो चुकी है लेकिन उमस भरी गर्मी अभी भी बनी हुई है। ऐसे में हर महिला कुछ ऐसा पहनना चाहती है, जो हल्का और सुकून देने वाला तो हो ही, साथ ही कूल और स्टाइलिश लुक भी दे।

**फैशन के साथ कंफर्ट भी:** उमस वाली गर्मी में फैशन और कंफर्ट का सही बैलेंस बनाए रखने के लिए लाइट, ब्रीदेबल और ट्रेंडी फैब्रिक वाली ड्रेस पहननी चाहिए। इससे आपका लुक कूल और क्लासी भी लगेगा। गर्मी में कॉटन के अलावा रेयॉन, सिल्क, ऑर्गेंजा सिल्क, जॉर्जेट, शिफॉन, लिनेन जैसे फैब्रिक को आप अपनी वार्डरोब में जगह दे सकती हैं। इन फैब्रिक की साड़ियों से लेकर



सूट और वेस्टर्न अटायर तक बेहतरीन लगते हैं। गर्मी में फ्लावरी प्रिंट की लंबी ड्रेस, वन शोल्डर मिडी ड्रेस, रफल ड्रेस, स्ट्रेपी मैक्सी ड्रेस विद लिनेन जैकेट शॉर्ट्स और टॉप या जंपसूट भी बहुत अच्छे लगते हैं। स्लीवलेस कॉटन मिडी इस सीजन में कूल-क्लासी लुक देते हैं। अगर आप अपने समर लुक में फ्रेशनेस और एलिगेंस चाहती हैं, तो ब्लू और व्हाइट फ्लोरल प्रिंट वन पीस परफेक्ट चॉइस हो सकती है। यह आपको कूल और फ्रेश लुक देगी।

**आउटफिट कलर:** मौसम के हिसाब से फैब्रिक का सही कलर चुनना जरूरी होता है। गर्मी में आपको न्यूट्रल कलर की ड्रेस पहननी चाहिए। वैसे तो व्हाइट कलर इस सीजन के लिए बेस्ट कलर माना जाता है। इसके अलावा आप लाइट ग्रीन, यलो, बेबी पिंक, स्काई ब्लू, टरक्वायज ब्लू, बेज या ग्रे कलर भी चुन सकती हैं।



**स्टाइलिश सनग्लासेस-हैट्स:** इस सीजन में घर से बाहर निकलते समय स्टाइलिश सनग्लासेस और हैट पहनने से न सिर्फ धूप से बचाव होता है, बल्कि ये आपको स्टाइलिश भी दिखाते हैं। ये दोनों ही चीजें आपके ओवरऑल लुक में एक्स्ट्रा स्टाइल एड करती हैं।

**एसेसरीज-मेकअप हो सुटेबल:** उमस भरी गर्मी के दिनों में लाइट वेट ज्वेलरी कैरी करनी चाहिए। यह कंफर्टेबल होने के साथ-साथ आपको एलिगेंट लुक देती है। गर्मी में पेस्टल कलर की ज्वेलरी जैसे सॉफ्ट पिंक, कोरल, सिल्वर ज्वेलरी, कलरफुल बीड्स की फंकी ज्वेलरी स्टाइलिश और कूल लुक देती है। इसके अलावा एसेसरीज में स्टड ईयररिंग्स, पर्ल ड्रॉप ईयररिंग, कोरल ब्रेसलेट,फूल-पत्तियों के पैटर्न वाले नेकपीस शामिल कर सकती हैं। इस सीजन में लाइट मेकअप ही करें। ❁

**(फैशन डिजाइनर मीनाक्षी खंडेलवाल से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल सजेशन

डॉ. नीता सिंह
सीनियर प्रोफेसर-गायनेकोलॉजी
एम्स, नई दिल्ली

प्रेग्नेंसी के दौरान कई महिलाओं को हाई ब्लड प्रेशर होता है। लेकिन जब यह कंट्रोल से बाहर होने लगे और साथ में अन्य समस्याएं भी होने लगें तो लापरवाही न करें। ऐसे में क्या करें, डिटेल में बता रहे हैं।

# अगर प्रेग्नेंसी के दौरान होने लगे हाई ब्लड प्रेशर

प्रेग्नेंसी में आमतौर पर 20वें से लेकर 24वें सप्ताह से गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर बढ़ना शुरू हो जाता है, जिसे जेस्टेशनल हाइपरटेंशन या प्रेग्नेंसी इंड्यूस हाइपरटेंशन कहा जाता है। यानी, महिला को गर्भावस्था से पहले ब्लड प्रेशर की शिकायत नहीं होती, लेकिन गर्भावस्था के 20वें सप्ताह के बाद उसे हाई ब्लड प्रेशर हो जाता है। इसकी वैल्यू 140/90 मिमी एचजी को पार कर सकती है। डॉक्टर इसकी रीडिंग कम से कम 6 घंटे के अंतराल पर दिन में दो बार करते हैं। हाई ब्लड प्रेशर होने पर यूटरस में प्लेसेंटा के माध्यम से बच्चे में जाने वाला ब्लड सप्लाई पूरी तरह से नहीं हो पाती। इसकी वजह से बच्चे में ऑक्सीजन और पौष्टिक तत्वों की आपूर्ति कम मात्रा में होती है। इस वजह से बच्चे के जन्म के समय लो बर्थ रेट, बच्चे का विकास समुचित नहीं होता, बच्चा कमजोर पैदा हो सकता है।

**क्या है प्री-एक्लेंपसिया:** जब गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं हो पाता है, तो उसके विभिन्न अंग प्रभावित हो सकते हैं। उनमें सबसे महत्वपूर्ण है, किडनी खराब



होना जिससे यूरिन में प्रोटीन और यूरिया आने की समस्या शुरू हो जाती है। इस स्थिति को प्री-एक्लेंपसिया कहा जाता है। 24 घंटे में महिला के शरीर से यूरिन में 2 ग्राम से अधिक प्रोटीन निकलने लगता है। प्री-एक्लेंपसिया में मां के यूटरस से प्लेसेंटा अलग हो सकता है, प्लेसेंटल एब्रप्शन, यूटरस में ब्लीडिंग या फिर प्री-टर्म डिलीवरी हो सकती है।

**तब कंडीशन हो जाती है सीरियसः** प्री-एक्लेंपसिया के लक्षण पहचाने न जाने और उचित उपचार न हो पाने पर एक्लेंपसिया की स्थिति आ सकती है। इसमें गर्भवती महिला को दौरे या फिट्स आने लगते हैं, जिसे एक्लेंपिक फिट कहा जाता है। ये दौरे काफी गंभीर होते हैं, जिसमें उसे मिर्गी के दौरे के समान बहुत जोर-जोर से झटके आने लगते हैं। झटकों के साथ महिला के शरीर में बदलाव होने से गर्भ में पल रहे बच्चे में ब्लड सप्लाई बंद हो सकती है। कई महिलाएं झटकों को संभाल नहीं पातीं, गिर जाती हैं। ऐसे में बहुत तेज झटकों के कारण महिला-बच्चे दोनों की मौत हो सकती है। ब्लड प्रेशर और फिट्स कंट्रोल करने के लिए समुचित मेडिसिन देकर उनका उपचार संभव हो जाता है।

### इन्हें होता है ज्यादा रिस्क

- जिस महिला की पहली प्रेग्नेंसी हो।
- मां की आयु 20 साल से कम या 35 साल से अधिक हो।
- गर्भ में पल रहे बच्चे जुड़वां हों।
- प्रेग्नेंसी आइवीएफ से हो।
- मां अगर स्मोकिंग या दूसरे ड्रग्स लेती हो।
- गर्भावस्था के पहले से ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां हों, मोटापा हो, पहली प्रेग्नेंसी में हाई ब्लड प्रेशर रहा हो या इसकी फैमिली हिस्ट्री हो।

**प्रमुख लक्षण:** प्रेग्नेंसी के दौरान अगर महिला यहां बताए जा रहे लक्षण महसूस करती है तो बिना देर किए डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे- बीपी बढ़ना, 10-15 दिन में 2-3 किलो वजन बढ़ना, हाथ-पैरों या शरीर के किसी भी अंग में सूजन आना, चक्कर आना, जी घबराना, उल्टी आना, आंखों से धुंधला दिखना, सिर दर्द होना।

**क्या है उपचार:** एक्लेंपसिया के उपचार की प्रक्रिया में ब्लड प्रेशर को एंटी-हाइपरटेंसिव मेडिसिन पेशेंट को देकर तुरंत कंट्रोल करना पड़ता है। एक्लेंपसिया के लिए मरीज को इंजेक्शन के माध्यम से भी दवा देते हैं। इसमें समय पर ट्रीटमेंट जरूरी है। ❁

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

# भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष थे डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी : प्रवीण

**भाजपा ने जिले के 708 बूथों पर मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस**

- कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ मिलकर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस सोमवार को बीजेपी फतेहाबाद द्वारा जिलेभर में 708 बूथों पर मनाया गया। इसी कड़ी में गांव धांगड़ बूथ नम्बर 80, 81, 82, 83, 84, 85 में ग्रामीणों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यावक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने शिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ मिलकर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके अलावा बीजेपी जिला कार्यालय में भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन को याद करते हुए जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता था। उन्होंने बताया कि डॉ. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था। जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी ने 23 जून 1953 को कश्मीर में अंतिम सांस ली। उन्होंने बताया कि डॉ. मुखर्जी ने 'एक देश में दो विधान, दो निशान, दो सरकार नहीं चलेगी' का नारा दिया था। इस लक्ष्य के लिए उन्होंने आंदोलन भी किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने उस समय की कांग्रेस सरकार और तत्कालीन नेतृत्व की कई नीतियों से असहमति जताई थी। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भारतीय जनसंघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक विचार था, जिसका प्रभाव आज सात दशकों बाद भी देश और राज्यों में देखा जा सकता है। इस अवसर पर बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, जिला सचिव सविता टुटेजा, मंडल अध्यक्ष सीताराम पूनिया, विजय जांगड़ा, अनिल सिहाग, कंवल चैधरी, विश्वामित्र, श्रवण भादू, चांदु राम भादू, भगवान दास, हनुमान सिंह, सुरेन्द्र सोनी, बूथ अध्यक्ष रजनीश सेन, अनिल भादू, पवन गोदारा, प्रीतम शर्मा, बनवारी लाल गहलोत, शम्मी ढिंगड़ा, पूनम सिंगला, पवन भांभू, घमंडीलाल भादू, शिव कुमार, शिवम श्रीवास्तव, हरीश पटवारी, ओम प्रकाश, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


फतेहाबाद। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा। फोटो : हरिभूमि

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

गांव ओढ़ां में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिलासपुर आबादी स्थित पार्क में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर युवा भाजपा नेता सतेंद्र गर्ग ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर बैरिस्टर की डिग्री हासिल की बाद में वे आजाद भारत के मंत्रिमंडल में शामिल हुए। वे जानते थे कि कश्मीर में धारा 370 लागू करने वाले उस समय के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ही मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने कश्मीर के हालात पर नेहरू का विरोध किया जिसके लिए उन्होंने अपनी सदस्यता से त्यागपत्र भी दे दिया। उन्होंने ही भारत में जनसंघ की स्थापना की जो बाद में भारतीय जनता पार्टी का ही स्वरूप बनी। वे कश्मीर से धारा 370 हटवाने के हक में थे। जिसे 2022 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अमित शाह के प्रयासों से हटाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता प्रेम शर्मा, जोतराम शर्मा, योगेश शर्मा, सुशील सारस्वत, भीष्म देव शर्मा, इकबाल सिंह बैनीवाल और विक्रम ठाकुर सहित काफी संख्या में गांववासी उपस्थित रहे।


सिरसा। ओढ़ां में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता।

## खबर संक्षेप

### पंजाबी सिखलाई कैंप का भव्य समापन

**रतिया।** गर्मी की छुट्टियों के चलते शहर के फतेहाबाद रोड स्थित गुरुद्वारा विश्वकर्मा साहिब में चल रहे पंजाबी सिखलाई कैंप का समापन हो गया। इस मौके बड़ी संख्या में पहुंचे कैंप के भागीदार बच्चों को जहां गुरुद्वारा कमेटी द्वारा सम्मान किया गया, वहीं बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टडी सर्कल द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। प्रधान कश्मीर सिंह एवं सचिव अवतार सिंह ने बताया कि बाबा विश्वकर्मा साहिब गुरुद्वारा कमेटी द्वारा जून महीने की बच्चों की छुट्टियों के चलते 2 जून से लेकर 22 जून तक पंजाबी सिखलाई कैंप का आयोजन किया गया।

### हांसी में ब्राह्मण समाज का सम्मान समारोह आयोजित

**हांसी।** हिसार ब्राह्मण धर्मशाला के प्रधान रत्न लाल शर्मा व हांसी ब्राह्मण धर्मशाला के अजय भारद्वाज को सर्वसम्मति से प्रधान चुनने पर मंडी सैनियान में नन्द किशोर भारद्वाज के प्रतिष्ठान पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि सुमन शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण हमेशा नेतृत्व करने वाला व सबको साथ लेकर चलने वाला है। इस अवसर पर सुमन शर्मा ने कहा कि हिसार जिले के ब्राह्मणों ने दो प्रधानों को सर्वसम्मति से चुन कर सराहनीय कार्य किए वह काबिले तारीफ है। इस अवसर पर समाजसेवी विष्णु शर्मा, महेंद्र भारद्वाज, पवन शर्मा, नंदकिशोर भारद्वाज, विजय वशिष्ठ, अन्नू भारद्वाज आदि रहे।



फतेहाबाद। प्रदर्शन को संबोधित करते माकपा नेता सुरेन्द्र मलिक। फोटो : हरिभूमि

**देश दुनिया के मौजूदा घटनाक्रम पर चर्चा**

## ईरान पर हमला करना अमेरिका की बौखलाहट का सबूत : सुरेन्द्र

**माकपा ने फतेहाबाद में सेमिनार का किया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मानवाधिकार और जनतंत्र की धज्जियां उड़ाते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा ईरान पर हमला करना उसकी बौखलाहट का परिणाम है। यह बात माकपा नेता सुरेन्द्र मलिक ने शहीद ऊधम सिंह भवन, फतेहाबाद में माकपा द्वारा आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार बहबलपुरिया ने की तथा संचालन माकपा जिला सचिव जगतार सिंह ने किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए सुरेन्द्र मलिक ने कहा कि पिछले 21 महीने से इजरायल फिलिस्तीन पर लगातार हमले कर रहा है और अभी एक सप्ताह से इजरायल ने ईरान पर हमला कर दिया है। इजरायली सरकार को अमेरिका का पूर्ण रूप से समर्थन हासिल है इसलिए इजरायली राष्ट्रपति गुंडों की भाषा बोल रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में अमेरिका को दुनिया भर में अपना दबदबा खिसकता हुआ दिखाई दे रहा है इसलिए अमेरिका अपने दबदबे को बनाए रखने के लिए दुनिया को युद्ध में धकेल रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे चिंताजनक बात ये है कि भारत की मौजूदा सरकार अमेरिका की पिछलग्गू बनी हुई है। सेमिनार में प्रस्ताव पारित करके अमेरिका सरकार की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए युद्ध खत्म करने की मांग की गई। यह मांग करते हुए कहा कि भारत की मोदी सरकार भी अमेरिका सरकार की कड़े शब्दों में निन्दा करें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को तुरंत अमेरिका व इजरायल समर्थक अपनी विदेश नीति के रुख को त्यागना चाहिए और युद्ध को रोकने के लिए वैश्विक प्रयासों में शामिल होना चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

*सेमिनार के बाद फतेहाबाद में प्रदर्शन किया गया, जिसमें माकपा राज्य सचिव प्रेम चंद, राज्य सचिव मंडल सदस्य सुरेन्द्र मलिक, दिनेश सिवाच, विष्णु दत्त शर्मा, मास्टर राजेन्द्र प्रसाद बाटू, शाहनवाज एडवोकेट, संदीप महिया, छत्रपाल सिंह, देवीलाल एडवोकेट, मोहनलाल नारंग, ओमप्रकाश अनेजा सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।*

# जैक व रैंबो की सहायता से चला सघन सर्च अभियान

- जिले में अपराध व असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में जिले में अपराध व असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कुलां चौकी क्षेत्र में एक सघन सर्च अभियान चलाया गया। यह अभियान कुलां चौकी प्रभारी एएसआई दलबीर सिंह के कुशल नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें पुलिस टीम के साथ-साथ विशेष रूप से प्रशिक्षित डॉग स्क्वॉड के सदस्य जैक और रैंबो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों स्निफर डॉग्स की सहायता से क्षेत्र के संवेदनशील व संदिग्ध स्थानों की गहनता से जांच की गई। सर्च अभियान के दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र में स्थित सुनसान गलियों, परित्यक्त भवनों, सार्वजनिक स्थानों तथा अन्य संदिग्ध ठिकानों की बारीकी से तलाशी ली।



**क्षेत्रवासियों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया**

इस प्रक्रिया में पुलिस की सक्रियता व डॉग स्क्वॉड की दक्षता ने क्षेत्रवासियों में सुरक्षा की भावना को और अधिक मजबूत किया। चौकी प्रभारी एएसआई दलबीर सिंह ने बताया कि यह अभियान कानून व्यवस्था को बनाए रखने, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी रखने और आमजन में विश्वास कायम करने के उद्देश्य से किया गया।

# फतेहाबाद पुलिस ने 6 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर असल मालिकों को सौंपे

**अब तक लाखों रुपये के 70 से अधिक मोबाइल किए बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस गुम हुए मोबाइल फोनों को ट्रेस कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपने का सराहनीय कार्य कर रही है। अब तक फतेहाबाद साइबर सेल द्वारा लगभग 70 गुम मोबाइल, जिनकी अनुमानित कीमत लाखों रुपये है, को बरामद कर संबंधित व्यक्तियों को सौंपे जा चुके हैं। सोमवार को इसी अभियान के अंतर्गत लगभग 4 लाख मूल्य के 6 महंगे स्मार्टफोन उनके असली मालिकों को लौटाए गए।

साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व सहायक उपनिरीक्षक रामनरेश के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हुए मोबाइल फोनों की सटीक लोकेशन ट्रेस की। उपयुक्त वैधानिक प्रक्रिया अपनाने के बाद गुम मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाए गए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह के दौरान एसपी सिद्धांत जैन ने गुमशुदा मोबाइल संबंधित नागरिकों को सौंपे। मोबाइल प्राप्त करते समय नागरिकों के चेहरे पर संतोष, राहत और हर्ष के भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे। मोबाइल प्राप्त करने वाले नागरिकों में सुरेन्द्र सिंह निवासी भिरडाना, रामकुमार निवासी हांसपुर, सुनील कुमार निवासी भीमा बस्ती, फतेहाबाद, सुरेश कुमार निवासी हिजरावां, स्वाति निवासी टोहाना तथा दीपक कुमार निवासी जांडली कलां शामिल रहे।


फतेहाबाद। असल मालिकों को उनके गुम हुए फोन लौटाते एसपी सिद्धांत जैन।

**नागरिकों से अपील**

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि पुलिस विभाग साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी और मोबाइल गुमशुदगी जैसे मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए अपनी तकनीकी क्षमता को लगातार उन्नत कर रहा है। पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल फोन के खोने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत निकटवर्ती पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सूचना दें।

# महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने रत्ताटिब्बा में गठित की 14 सदस्यीय टीम, नशे के खिलाफ लड़ेगी सशक्त लड़ाई

**मुख्यमंत्री की प्रेरणा से संस्था समाज को नशामुक्त करने के अभियान में जोर-शोर से जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

किसी भी देश के विकास में नशा सबसे बड़ी बाधा है। पीएम नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब देश की युवा पीढ़ी को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर कर देश की मुख्य धारा में जोड़ा जाए। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रेरणा में महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट समाज को नशामुक्त करने के अभियान में जोर-शोर से जुटा है। यह बात महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने जिले के गांव रत्ताटिब्बा में युवाओं को संबोधित करते हुए कही। ट्रस्ट द्वारा जिले में 'एक संकल्प नशे के खिलाफ' अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत गांवों में कमेटियों का गठन कर युवाओं को इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा गांव रत्ताटिब्बा में भी 14 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है जोकि गांव में नशे के खिलाफ सशक्त होकर लड़ाई लड़ेंगे। इस टीम में युवा समाजसेवी अशोक कुमार कम्बोज, दीपक शर्मा, अजय शर्मा, रामकिशन चंदेल, डॉ. रणदेव चंदेल, अमृत सिंह, गुरनाम चंद कम्बोज, जगतार सिंह पूर्व सरपंच, रमेश सामा, रमेश धीमान नंबरदार, रविन्द्र कुमार, चमन लाल शर्मा, गगन धीमान और विपिन कम्बोज को शामिल किया गया है। भवानी सिंह ने टीम को नशे के खिलाफ एकजुट होकर अभियान चलाने और इस मुहिम को गांव के घर-घर ले जाने का संकल्प दिलवाया।

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने कहा कि नशा न केवल उसे करने वाले के शरीर को नुकसान पहुंचाता है बल्कि यह उसके परिवार, उसके गांव व देश के लिए भी खतरनाक है।उन्होंने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि वह न केवल स्वयं नशे से दूर रहे बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों बारे जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करें।


फतेहाबाद। गांव रत्ताटिब्बा में टीम गठित कर नशे के खिलाफ संकल्प दिलवाते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह। फोटो : हरिभूमि

**अभियान बना जनआंदोलन**

*भवानी सिंह ने कहा कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट का फतेहाबाद से शुरू हुआ यह अभियान एक जनआंदोलन बन चुका है। जिले के अनेक गांवों में कमेटियों का गठन कर लिया गया है। ट्रस्ट का लक्ष्य जिले के सभी गांवों में युवाओं को इस मुहिम से जोड़कर इसे कामयाब बनाना है। इस अवसर पर मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, मंगत मित्तल, अशोक कुमार नंबरदार, गुरदीप सिंह, राम सिंह पूनिया, अमन, राघव, विक्की, अजीत प्रधान, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार, धर्मपाल कम्बोज सहित संस्था के अनेक सदस्य व गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।*

**वारदात सीसीटीवी में कैद**

# ज्वेलर्स की दुकान में घुसे चोर सोने व चांदी के गहने चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीएसपी रोड स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में चोरी होने का समाचार है। देर रात को दो युवक दुकान में घुसे और वहां से सोने-चांदी के गहनों के अलावा हजारों की नकदी चोरी कर ले गए। सुबह जब दुकान मालिक दुकान पर आया तो उसे चोरी का पता चला।

इस बारे सूचना मिलते ही शहर फतेहाबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। चोरी की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है, जिसमें दो युवक दुकान में चोरी करते नजर आ रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवकों की तलाश कर रही है।

डीएसपी रोड स्थित ज्वैलरी शॉप के मालिक दीपक ने बताया कि रविवार को वह दुकान बंद करके घर चला गया था। रविवार-सोमवार रात करीब 1.40 बजे दो युवक उसकी दुकान में घुस गए। उनके मुंह ढके हुए थे। दोनों युवक छत से होते हुए पीछे के दरवाजे से घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सोमवार सुबह जब वह दुकान पर आया तो उसे देखा कि दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। जब उसने सामान की जांच की तो पाया कि अज्ञात चोर उसकी दुकान से चांदी की पाजेब, रिंग, बॉक्सों में सामान, सोने के कुछ जेवर और गल्ले में रखा करीब 25 हजार रुपए कैश चोरी कर ले गए।


फतेहाबाद। चोरी की घटना बारे जानकारी देता दुकान मालिक।

**पुलिस ने आरोपियो की जांच शुरू की**

दुकान मालिक दीपक कुमार ने बताया कि दुकान की ऊपरी मंजिल पर उसके माता-पिता व भाई रहते हैं। भाई रात को बाहर गया हुआ था। उन्होंने बताया कि चोरों ने एक सीसीटीवी कैमरे पर कपड़ा डाला हुआ था। बाद में दुकान मालिक ने इस बारे पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### गोपाल चंद कुलरियां बने लायंस क्वेस्ट का जिला चेयरमैन

रतिया। लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विशाल बढेरा ने गोपालचंद कुलरियां की कार्य क्षमता और कार्य प्रणाली को देखते हुए जिला 321-ए3 का लायंस क्वेस्ट का डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन नियुक्त किया है। आज तक इस पद पर पीडीजी ही काम करते आए हैं लेकिन उन्होंने इस क्षेत्र में कुछ खास काम नहीं किया। गवर्नर विशाल बढेरा ने गोपालचंद की कार्य क्षमता और कार्य प्रणाली को देखते हुए उनको इस पद पर नामांकित किया है और आशा व्यक्त की है कि आने वाले वर्ष में इस क्षेत्र में बढ़-चढ़कर काम किया जाएगा। गोपाल चंद कुलरियां ने बताया कि इसमें प्रथम कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को सोशल इमोशनल लर्निंग, रिलेशनशिप डेवलपमेंट, स्ट्रेस मैनेजमेंट, सोसाइटी में उनकी भूमिका आदि के बारे में सिखाया जाएगा। लायंस क्लब लायन क्वेस्ट इंडिया फाउंडेशन से प्रोफेसर का प्रबंध करेगा।

**जागरूकता** भूना पुलिस ने कॉलेज ग्राउंड में विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को नशे के प्रति किया जागरूक

# नशा न केवल एक व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक पतन करता है, बल्कि समाज पर भी गहरा प्रभाव डालता : चमनलाल

- खेल, शिक्षा व समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में योगदान करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समाज विशेषकर युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखा जा सके। इसी अभियान के तहत भुना पुलिस द्वारा एएसआई चिमनलाल के नेतृत्व में भुना कॉलेज के ग्राउंड में विद्यार्थियों और खिलाड़ियों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए एएसआई चमनलाल ने बताया कि नशा न केवल एक व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक पतन करता है, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी गहरे प्रभाव में डालता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और खेल, शिक्षा व समाज सेवा जैसे सकारात्मक क्षेत्रों में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर भुना पुलिस टीम ने वास्तविक जीवन से जुड़े उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार नशा युवा पीढ़ी को अपराध, असफलता और अवसाद की ओर धकेल देता है। साथ ही उपस्थित युवाओं को नशा न करने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।


भूना। खिलाड़ियों को जागरूक करते भूना पुलिस के एएसआई चिमनलाल। फोटो : हरिभूमि

### नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, हिसार की एनएसएस इकाई द्वारा एक नशा मुक्ति सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. दिनेश नैन ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समन्वयन एनएसएस समन्वयक तरुण कुमार शर्मा ने सह-समन्वयक सोनू सिंह के सहयोग से किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने कार्यक्रम की।

**खबर संक्षेप**

## बेसहारा पशु-पक्षी बचाओ अभियान का शुभारंभ

**फतेहाबाद।** शहर में बेसहारा पशु-पक्षियों के संरक्षण हेतु नव कल्याण संस्था द्वारा एक सराहनीय पहल की शुरुआत की गई। संस्था ने सुभाष नगर स्थित पाव एंड प्रिंट एनिमल रेस्क्यू सेंटर के डॉग शेल्टर होम से अभियान की शुरुआत की, जहां डॉ. प्रवीण और उनकी टीम द्वारा बेसहारा कुत्तों, बिल्लियों और अन्य पशुओं का उपचार किया जाता है। अभियान के तहत नव कल्याण संस्था की टीम ने शहर के अशोक नगर और भूना रोड क्षेत्रों में बेसहारा कुत्तों को दूध-बिस्कुट खिलाए तथा गौ माताओं को चारा डालकर सेवा कार्य किया। इस मौके पर संस्था के उप-प्रधान आरसी. राठौर, सहसचिव ओम समीर और प्रचार मंत्री सुदर्शन नरूला ने आमजन से अपील की कि बेसहारा पशु-पक्षियों की सेवा कर मानवता का धर्म निभाएं। भाजपा शहरी नगर मंडल के उप-प्रधान रवि शर्मा ने इस सेवा कार्य में भाग लेते हुए संस्था की इस पहल की सराहना की और समाज को इससे जुडऩे का आग्रह किया।

## मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो घायल

**फतेहाबाद।** गांव अकांवाली के समीप दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में दोनों मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अकांवाली निवासी कुलदीप ने कहा है कि उसके पिता रामकुमार सुबह करीब साढ़े 8 बजे निजी काम से गांव अकांवाली से मोटरसाइकिल पर सवार होकर फतेहाबाद जा रहे थे। जैसे ही वह नेशनल हाइवे 9 पर अकांवाली रोड पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे एक मोटरसाइकिल के चालक ने मोटरसाइकिल को लापरवाही व तेजगति से चलाया और पीछे से उसके पिता के मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी।

## भट्टू से मां-बेटा सहित तीन लोग लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के भट्टू क्षेत्र से अलग-अलग मामलों में एक युवती सहित तीन लोगों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव दैयड़ निवासी एक महिला ने कहा है कि उसकी 32 वर्षीय बहू 14 साल के पोते के साथ गत दिवस सुबह घर पर बिना बताए कहीं चली गई है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने केस दर्ज कर मां-बेटे की तलाश शुरू कर दी है।

## एडवेंचर्स कैंप में छात्राओं ने लिया हिस्सा

**फतेहाबाद।** यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा हिमाचल प्रदेश के भानु पुल, मनाली में वाईआरसी गर्ल्स एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों तथा विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। इस कैंप का प्रमुख उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, साहस तथा नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना था। मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज बहबलपुर, फतेहाबाद की पांच छात्राओं रूबल, पायल, सिमरनजीत, रमनदीप तथा नगीना ने इस एड्वेंचर कैंप में भाग लिया। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में शिकायत, दिए निर्देश

# ट्यूबवेल से पंजाब भेजा जा रहा पानी, कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार व नगराधीश गौरव गुप्ता ने लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को सुपुर्द किया और कहा कि अधिकारी शिकायत के निपटान में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते। समाधान शिविर में भट्टू खुर्द निवासी संजय कुमार ने गांव मढ निवासी महेंद्र द्वारा ट्यूब्वैल कनेक्शन के माध्यम से पानी की सप्लाई पंजाब राज्य में पहुंचाने पर कार्यवाही करने तथा ट्यूब्वैल कनेक्शन रद्द करवाने, ढाणी बिंजा लांबा निवासी सुनहरी देवी ने पीपीपी में इनकम कम करवाने,



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते अधिकारी।

लाधुवास निवासी नाजम सिंह व दलजीत सिंह ने एसडीओ जगदीश पूनिया, काडा विभाग के जेई सौरभ कुमार व गांव के सुखविंद्र सिंह के खिलाफ कार्यवाही करने, मुसेअली निवासी विनोद कुमार ने रास्ते से पोल हटवाने, फतेहाबाद निवासी मंजू बाला ने पीपीपी में बैंक खाता चालू करवाने, ग्राम पंचायत हड़ौली प्रार्थीगण ने शराब का ठेका हटवाने, बनावाली निवासी जसवंत ने पीएम जन आवास योजना के तहत मकान बनाने का कार्य पूरा करवाने, स्थानीय शक्ति नगर निवासी जसवंत कौर ने तरसेम डेयरी वाला द्वारा नकली घी बनाने और डेयरी को बंद करवाने, समस्त ग्रामवासी गांव अयाल्की ने बाढ़ के पानी की निकासी हेतू बनाई गई पूल पर सरपंच कविता व सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र द्वारा मिट्टी डालकर उसे बंद करवाने पर कार्यवाही करने और पुल खुलवाने, ढाणी साधनवाली निवासी गुप्रीत सिंह ने सरपंच प सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र लखेरा द्वारा जबरदस्ती घरा बुलाकर पंचायती प्रस्ताव व अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाने पर कार्यवाही करने, एडवोकेट विरेंद्र भादू ने पंचायत समिति फतेहाबाद में हुए घोटालों की जांच तथा धीर निवासी जगदीश ने बिजली मीटर लगवाने बारे अपनी शिकायत समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखी। इस अवसर पर डीएसपी जगदीश सिंह, डीआरओ श्याम लाल व अन्य मौजूद रहे।

# पूर्ण सोसायटी ने चलाया पौधरोपण अभियान, शहर में लगाए दर्जनों पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

सामाजिक संस्था पूर्ण सोसायटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधा रोपण अभियान चलाया। सोसायटी के प्रधान सन्नी बंसल व पायल चक्रवर्ती के नेतृत्व में आयोजित पौधा रोपण अभियान का शुभारंभ वन विभाग फतेहाबाद के ब्लॉक फोरेस्ट ऑफिसर अमीलाल व वन कर्मचारी राजकुमार ने किया। उन्होंने पूर्ण सोसायटी के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि यह समय पौधा रोपण के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। यदि सभी नागरिक व अन्य संस्थाएं भी इसी सोच के साथ सही समय पर पौधा रोपण करें तथा पौधों की देखभाल करें तो पर्यावरण में अवश्य की बदलाव ला सकेंगे। वन विभाग के अधिकारियों की देख रेख में सोसायटी द्वारा भूना मोड पर बनी ग्रीन बैल्ट पार्क में दर्जनों फलदार एव छायादार पौधे लगाए गए। सोसायटी के सदस्यों ने इन पौधों की देख रेख का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर ललित चक्रवर्ती, विकास नायक, रिंकू राजपूत, गौरव गोयल, अंशुल



आनन्द, आदित्य चक्रवर्ती सहित अनेक युवा साथी मौजूद रहे।

## किसान का ट्रैक्टर धोखाधड़ी से आगे बेचा, दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराधियों की धरपकड़ को लेकर दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन लोगों ने एक किसान से पासिंग करवाने के नाम पर ट्रैक्टर लिया और उसे आगे बेच दिया। पकड़े गए युवक की पहचान धर्मपाल पुत्र रामलाल निवासी मीराना व मदन लाल पुत्र हंसराज निवासी तामसपुरा के रूप में हुई है। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर आगामी पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 27 मई को ढाणी चाणचक निवासी भगवान दास की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी धर्मपाल से दूर की रिश्तेदारी है। धर्मपाल मदन लाल को साथ लेकर उसके घर आया और कहा कि उसे एजेंसी से महेन्द्र डीआई 575 ट्रैक्टर दिलवा देते हैं। उसे पहले 1 लाख 60 हजार रुपये देने पड़ेंगे। इसके बाद दोनों ने उसे भूना रोड फतेहाबाद स्थित एजेंसी से अक्टूबर 2024 में ट्रैक्टर दिलवाकर 6 लाख रुपये फाइनेंस करवा दिया। इसके बाद दोनों आरोपी उसके घर आए और यह कहकर ट्रैक्टर ले गए।

## लाइब्रेरी में मोटिवेशन कैम्प का आयोजन किया गया

**ओढां।** नेशनल सोशल ऑर्गनाइजेशन की सिरसा शाखा द्वारा गांव पन्नीवाला मोटा से स्थित लाइब्रेरी व ट्यूशन सेंटर में विद्यार्थियों का एक मोटिवेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें इस वर्ष की परीक्षाओं में पास आउट हुए छात्र व छात्राओं को भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में किस और कदम रखना चाहिए। बच्चों को समझाया कि गांव से ही डॉक्टर, इंजीनियर व आईपीएस जैसे अधिकारी बनते है। गांव से ही पढने वाले बच्चे शहरों में उच्च शिक्षा प्राप्त करके अपनी मंजिल प्राप्त करते हैं।

आज के कैम्प का महत्व यह था कि बच्चों को किस दिशा में जाना है क्योंकि आजकल नशे व साइबर क्राइम की और युवा पीढ़ी ज्यादा जा रही हैं। ग्रामीण क्षैत्र से बच्चा शहर में शिक्षा लेने के लिए जाता है तो कहीं ने कहीं वह भटक जाता है इसलिए इस कैंप का यही महत्व था कि साइबर क्राइम व नशे की और बच्चा ना जाकर अपनी उच्च शिक्षा की ओर बढ़े और वह किस दिशा में जा रहा है।

# पेंशनर समाज ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज सिरसा ने सोमवार को प्रधानमंत्री के नाम जिलाधीश शांतनु शर्मा के माध्यम से अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। महासचिव अजीत रंगा ने बताया कि शिष्ट मंडल का नेतृत्व राज्य उप प्रधान गुरदीप सैनी व जिला प्रधान राजेंद्र मोहन गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर गुरदीप सैनी ने कहा कि हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज हरियाणा के पेंशनर्स के साथ किसी भी तरह की पेंशन में असमानता स्वीकार नहीं करेगा। क्योंकि समान पेंशन का अधिकार हमें 1980 में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा डी एस नाकारा



**सिरसा।** मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते सेवानिवृत्त कर्मचारी।

द्वारा हमें दिलाया गया था। 1.1.2006 से सातवें वेतन आयोग व अब तक सभी पेंशनर्स को समानता का अधिकार मिला हुआ है, लेकिन अब सरकार 31 दिसंबर 2025 के बाद, पहले व नये पेंशनर्स में सामाजिक असमानता करना चाहती है, जो पेंशनर्स के साथ अन्याय है। जिसको किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जायेगा। किसी भी समाज के बुजुर्ग सरकार के लिए सम्मानित होते हैं और जो भी समाज या सरकार अपने बुजुर्ग या पेंशनर्स का सम्मान नहीं करते, वो समय के गर्भ में चले जाते हैं। अब भी समय है सरकार होश में आये, ऐसा ना हो कि देर हो जाये। जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार खूंगर ने बताया कि 8वें वेतन कमीशन में केंद्रीय सरकार द्वारा 1 जनवरी 2026 के बाद और पहले के पैंशनरज में भेदभाव कर के, लाभ देने या न देने का अधिकार सरकार ने अपने हाथ रखने का अधिकार संसद में बिल पास कर पुराने पैंशनरज और नए पैंशनरज में भेदभाव किया है। अवसर पर पेंशनर समाज से राज कुमार खूंगर, सुशील बागड़ी, राज कुमार सांगा, सहीराम, सूरत सिंह यादव , सुभाष चंद्र, मुनीश्वर देव आर्य व अन्य मौजूद रहे।

## प्रदेश में बिजली चार गुना महंगी होने से उद्योगों का होगा पलायनः सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने एक अप्रैल 2025 से लागू की गई नई बिजली दरें और फिक्स्ड चार्ज प्रदेश की जनता, विशेषकर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए विनाशकारी सिद्ध होंगी। यह नीतियां न केवल जनविरोधी हैं, बल्कि आर्थिक रूप से कमर तोडऩे वाली भी हैं। भाजपा सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि शासन का उद्देश्य राजस्व संग्रह नहीं, जनकल्याण होता है। ऐसे में सरकार को अपना यह फैसला जनहित में तत्काल प्रभाव से वापस लेना चाहिए। सोमवार को जारी प्रेस बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में बिजली हुई चार गुना महंगी हो गई है यानि जो पहले 1000 का बिल आता था अब वह चार हजार तक आएगा। उधर सरकार के इस फैसले से उद्योगों का पलायन होगा। सांसद ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा की गई बिजली दरों में अत्यधिक वृद्धि ने आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति पर सीधा प्रहार किया है। यह निर्णय ऐसे समय लिया गया है जब लोग पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से त्रस्त हैं। भाजपा सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि शासन का उद्देश्य राजस्व संग्रह नहीं, जनकल्याण होता है। बिजली जैसी आवश्यक सेवा लोगों के लिए जरूरी है।

# कोटली में जनसंपर्क, कई लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

भारतीय जनता पार्टी डबवाली की जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा के नेतृत्व में गांव कोटली में एक विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर हाल ही में जीते ब्लॉक समिति मेंबर सुनील कुमार सहित स्थानीय बुजुर्गों, महिलाओं व युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



सिरसा। गांव कोटली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते लोग।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखी। जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा ने ग्रामीणों को जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। पार्टी जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा ने कहा कि भाजपा की नीति 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के तहत देशभर में परिवर्तन की लहर चल रही है। कार्यक्रम के दौरान रेणु शर्मा ने युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों से संवाद किया।

# सरकार ने 11 सालों में एक भी मांग नहीं की पूरी

- ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य प्रेस सचिव सुखदेव सिंह उप राज्य प्रधान बाबू लाल ने कहा कि सत्ता से पहले बहुत बड़े-बड़े वादे किए थे। भाजपा सरकार ने पिछले 11 साल में एक भी मांग पूरी नहीं की है। सभी



**सिरसा।** बैठक के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी।

वर्ग किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, छात्र आन्दोलनरत हैं। सरकार सभी विभागों को बड़े पूंजीपतियों को बेचने का काम कर रही है। श्रम सुधार कानून में मजदूर विरोधी बदलाव कर रही है, जिससे शोषण बढ़ेगा। बिजली के तमाम कर्मचारी बढ़-चढक़र 9 जुलाई की हड़ताल में बढ़-चढक़र शामिल होंगे। कर्मचारियों की मुख्य मांगे कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, निजीकरण पर रोक लगाई जाए, विभागों में खाली पड़े लाखों बेरोजगारों को स्थाई भर्ती से भरा जाए, बिजली निगम में हजारों पद खाली है, कर्मचारियों को ढाई ढाई सौ किलोमीटर दूरी नौकरी करने के लिए मजबूर किया जाता है, कर्मचारियों को जिला वाइज ड्यूटी दी जाए, ताकि डिपार्टमेंट का भी काम अच्छे ढंग से हो सके, राज्य में आठवें वेतन का अलग से आयोग गठित किया जाए, जनता को अच्छी सुविधा मिले, महंगाई पर रोक लगाई जाए।

# आईआईटी के समर्थन में उतरे संगठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

- विश्व मेरा परिवार सेवा ट्रस्ट व राष्ट्रीय पंजाबी महासभा ने आईआईटी के लिए भेजा प्रस्ताव

विश्व मेरा परिवार सेवा ट्रस्ट व राष्ट्रीय पंजाबी महासभा सिरसा इकाई के प्रतिनिधियों द्वारा सिरसा जिले में प्रस्तावित आईआईटी को लेकर बैठक की। बैठक दौरान सिरसा जिले में आईआईटी की स्थापना के लिए प्रस्ताव पारित कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को प्रस्ताव भेजा है। विश्व मेरा परिवार सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष बलदेव दावड़ा



सिरसा। बैठक करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

ने कहा कि सिरसा जिले में आईआईटी बनने के पश्चात न केवल सिरसा की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनेगी, बल्कि इस संस्थान के बनने से सिरसा जिला शिक्षा के क्षेत्र का हब कहलाएगा। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के बनने से व्यापार व अन्य क्षेत्रों में बढ़ोतरी के साथ-साथ इस जिले को देश के बड़े शहरों के रेल व सडक़ मार्ग के साथ-साथ हवाई मार्ग का रास्ता भी प्रशस्त होगा। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा सिरसा इकाई के जिला अध्यक्ष देवेंद्र मिगलानी ने कहा कि सिरसा में आईआईटी की स्थापना के लिए सिरसा जिला के सभी विधायक, ग्राम पंचायतें व सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक संस्थानों को राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा सिरसा जिले में आईआईटी की स्थापना होने से एक नई क्रांति का आगाज होगा। शैक्षणिक रूप से अति पिछड़ा जिला होने के साथ-साथ यह तीन राज्यों की सीमा से भी सटा हुआ है। राजस्थान, पंजाब राज्यों को भी इस का लाभ मिलेगा। महासचिव सतपाल चावला व पदाधिकारियों ने एक मत होकर प्रस्ताव पारित कर आईटीआई का समर्थन किया।

# इतिहास केवल अतीत का अध्ययन नहीं भविष्य को गढ़ने का माध्यमः मोनिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय का इतिहास एवं पुरातत्व विभाग शैक्षणिक उत्कृष्टता, सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक जागरूकता के समन्वय के साथ इतिहास के अध्ययन को नई दिशा दे रहा है। विभाग का यह दृढ़ विश्वास है कि इतिहास केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि भविष्य को गढऩे का माध्यम है। विभाग विश्वविद्यालय की इस दृष्टि को बल देता है कि हमें यह दृष्टि विकसित करनी होगी कि उच्च शिक्षा हमें उस भविष्य की ओर कैसे ले जा सकती है, जहाँ मानवता शांति और समृद्धि के साथ जीवन जी सके। इसी सोच के तहत इतिहास विभाग इतिहास के विभिन्न पहलुओं जैसे राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और वैचारिक का व्यापक अध्ययन करवाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को समसामयिक विमर्शों से भी जोड़े रखने का प्रयास करता है। विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर मोनिका वर्मा ने बताया कि वर्तमान में विभाग में तीन योग्य एवं अनुभवी प्राध्यापक कार्यरत हैं, जिनके पास उच्च शिक्षा, शोध एवं मार्गदर्शन का समृद्ध अनुभव है। चार शोधार्थी पीएच.डी. कर रहे हैं और कई नवीन शोध परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। विभाग के प्राध्यापकों और शोधार्थियों द्वारा इतिहास एवं सामाजिक विज्ञानों के विविध विषयों पर अनेक पुस्तकें, शोध पत्र, लेख एवं संपादित अध्याय राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। विभाग ने हाल के वर्षों में विविध प्रकार की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियाँ जैसे संगोष्ठियाँ, व्याख्यानमालाएँ, ऐतिहासिक भ्रमण व अन्य चीजों पर मंथन हुआ।

# भ्रष्टाचार की जांच न होने से लोगों में गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

नगरपरिषद में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठे पूर्व नगर पार्षद सुशील सैनी ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों पर कोई कार्रवाई न होने के कारण लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि भ्रष्टाचार की निष्पक्षता से जांच की जाए। पूर्व पार्षद सुशील सैनी नगरपरिषद के अफसरों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठे हैं। आज धरने का सातवां दिन था। पूर्व पार्षद सैनी ने कहा कि शिवपुरी के स्थान पर नए भवन के निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार



**सिरसा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठे पूर्व पार्षद व अन्य।

किया गया। पूरी शिवपुरी को खंडहर में तबदील कर दिया गया है। अब नारियल फोड़ नेता इस मामले की लीपापोती में जुट गया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद ने जितने वर्क टेंडर दिखाए, उससे कहीं अधिक टेंडर दिए गए हैं। नारियल फोड़ नेता ने ठेकेदारों से मिलीभगत कर करोड़ों रुपए की हेराफेरी की है। श्री सनातन धर्म सभा के कार्यकारी प्रधान नवीन केडिया व खैरपुर और बाजेकां शिवपुरी के प्रधान अमीर चावला भी सैनी के धरने का समर्थन कर रहे हैं।

### पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने परेड का निरीक्षण किया

# पुलिस परेड में अनुशासन व तैयारियों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

पुलिस लाइन, फतेहाबाद में सेवा, सुरक्षा एवं सहयोग के संकल्प को केंद्र में रखते हुए पुलिस परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने परेड का निरीक्षण किया तथा पुलिसकर्मियों की चुस्ती, अनुशासन और तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड में भाग ले रहे जवानों की सजगता,




**फतेहाबाद।** परेड के दौरान पुलिस कर्मियों को निर्देश देते एसपी सिद्धांत जैन।

अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस बल सदैव आमजन की सुरक्षा, सेवा और सहयोग हेतु तत्पर रहता है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए नियमित अभ्यास, शारीरिक दक्षता और नैतिक अनुशासन अत्यंत आवश्यक हैं। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर जिला की ईआरबी, राइडर एवं पीसीआर इकाइयों की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए।

## प्रतिदिन योगाभ्यास करने का आह्वान

सवास्थ्य और फिटनेस को लेकर उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को प्रतिदिन योगाभ्यास करने की प्रेरणा दी तथा यह स्पष्ट निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन पूर्णतः वर्जित रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर, सजग प्रहरी की पहचान है, और अनुशासित, संयमित जीवनशैली ही एक आदर्श पुलिसकर्मी की पहचान है। एसपी जैन ने आगे कहा कि प्रभावी पुलिसिंग का मूल आधार नागरिकों के साथ विश्वास, संवाद और सहयोग है। प्रत्येक पुलिसकर्मी का दायित्व है कि वह आमजन में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करे तथा यह सुनिश्चित करे।